प्रेषक,

सुरेश कुमार पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 17-06-2022

विषय- केन्द्रीय कारागार, नैनी प्रयागराज में निरूद्ध 10 विचाराधीन बंदियों को प्रशासनिक आधार पर अन्यत्र कारागारों में स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-19263/सामा-1(7)/नैनी, दिनांक 15-06-2022 में की गयी संस्तुति के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त उ0प्र0 जेल मैनुअल के प्रस्तर-128 सपठित-409ए में निहित प्राविधानों के अनुसार केन्द्रीय कारागार, नैनी प्रयागराज में निरूद्ध निम्नलिखित 10 विचाराधीन बंदियों को प्रशासनिक आधार पर उनके नाम के सम्मुख कॉलम-4 की कारागारों में स्थानांतरित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है:-

क्र0	विचाराधीन बंदी का नाम/पिता का नाम	वर्तमान निरूद्धि की कारागार	स्थानांतरण हेतु प्रस्तावित कारागार का नाम
1	2	3	4
1	जावेद मोहम्मद पुत्र श्री मो0 अजहर	केन्द्रीय कारागार, नैनी प्रयागराज	जिला कारागार, देवरिया
2	अहमद अली पुत्र श्री आले हसन	केन्द्रीय कारागार, नैनी प्रयागराज	जिला कारागार, कानपुर नगर
3	फैजी पुत्र श्री महमूद अली	केन्द्रीय कारागार, नैनी प्रयागराज	जिला कारागार, मैनपुरी
4	साहब उर्फ मो0 अहमद पुत्र श्री भैयाजी	केन्द्रीय कारागार, नैनी प्रयागराज	जिला कारागार, अलीगढ
5	आरिफ अली पुत्र श्री अकबर अली	केन्द्रीय कारागार, नैनी प्रयागराज	जिला कारागार, झांसी
6	फैजान पुत्र श्री अग्गन	केन्द्रीय कारागार, नैनी प्रयागराज	जिला कारागार, बुलन्दशहर
7	मो0 परवेज पुत्र श्री बाबू खान	केन्द्रीय कारागार, नैनी प्रयागराज	जिला कारागार, फतेहगढ
8	मो0 सैफ पुत्र श्री मो0 दिलावर उर्फ मो0 गुलजार	केन्द्रीय कारागार, नैनी प्रयागराज	जिला कारागार, खीरी
9	इमरान अहमद पुत्र श्री सुल्तान अहमद	केन्द्रीय कारागार, नैनी प्रयागराज	केन्द्रीय कारागार, आगरा
10	फैज खान पुत्र स्व0 इम्तियाज खान	केन्द्रीय कारागार, नैनी प्रयागराज	जिला कारागार, नोयडा(गौतमबुद्धनगर)

2- कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए अनुपालन आख्या शासन को शीघ्र ही उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
सुरेश कुमार पाण्डेय
विशेष सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार), कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
2- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
3- अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, उ0प्र0 लखनऊ।
4- जिला मजिस्ट्रेट, प्रयागराज/ देवरिया/कानपुर नगर/मैनपुरी/अलीगढ/झांसी/बुलन्दशहर/फरूर्खाबाद/लखीमपुर खीरी/आगरा/गौतमबुद्धनगर।
5- पुलिस आयुक्त, कानपुर नगर/गौतमबुद्धनगर।
6- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, प्रयागराज/ देवरिया/मैनपुरी/अलीगढ/झांसी/बुलन्दशहर/फरूर्खाबाद/लखीमपुर खीरी/आगरा ।
7- वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार/जिला कारागार, देवरिया/कानपुर नगर/मैनपुरी/अलीगढ/झांसी/बुलन्दशहर/फरूर्खाबाद/ लखीमपुर खीरी/आगरा/गौतमबुद्धनगर।
8- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, नैनी प्रयागराज को इस निदेश के साथ प्रेषित कि प्रश्नगत बंदियों को केन्द्रीय कारागार, नैनी प्रयागराज से संबंधित कारागारों में स्थानान्तरित/दाखिल किये जाने की सूचना रेडियोग्राम के माध्यम से शासन को उपलब्ध करायें।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
सुरेश कुमार पाण्डेय
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in